महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

ज्ञान शांति मैत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

हिंदी विवि में 'आधुनिक अर्थव्यवस्था में भारतीय किसानों के प्रश्न' पर हुआ व्याख्यान

वर्धा, 28 मार्च 2025 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयमें इतिहास विभाग द्वारा 'आधुनिक अर्थव्यवस्था में भारतीय किसानों के प्रश्न' विषय पर गुरूवार 27 मार्च को महादेवी वर्मा सभागर में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित अ‍ॅड. दिनेश शर्मा का स्वागत संकायाध्यक्ष प्रो. फ़रहद मलिक, प्रभारी डॉ. बालाजी चिरडे, डॉ. अनवर अहमद सिद्दीक़ी, डॉ. मुन्नालाल गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अ‍ॅड. दिनेश शर्मा ने आधुनिक अर्थव्यवस्था में भारतीय किसानों के प्रश्नों और किसानों की ज्वलंत समस्याओं को बताते हुए किसानों की दयनीय स्थिति और उससे उपजी कठिनाइयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रो. फ़रहद मलिक ने कहा कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसान हर तरह से शोषित दिखाई दे रहा है। जबकि किसानों के पास खेती होने के बावजूद फसल का उसे योग्य दाम नहीं मिल पा रहा है जिससे आज भारतीय कृषक निरीह जीवन जीने पर बाध्य हो गया है। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों और अध्यापकों ने मुख्य वक्ता से अपनी जिज्ञासा और प्रश्नों को प्रस्तुत करते हुए योग्य समाधान प्राप्त किए। कार्यक्रम का प्रास्ताविक इतिहास विभाग के प्रभारी डॉ. बालाजी चिराडे ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुन्नालाल गुप्ता एवं आभार डॉ. अनवर अहमद सिद्दीक़ी ने किया। इस अवसर पर अध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: buddhadassmirge@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305